राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 6 जनवरी • 2021 राष्ट्रीय सहारा www.rashtriyasahara.com

अभी तक नहीं शुरू हो पाई नर्सरी दाखिला प्रक्रिया

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

कोरोना काल में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जो इसके असर से अछूता रहा हो। दिल्ली के पब्लिक स्कूलों में होने वाले नर्सरी दाखिला प्रक्रिया पर भी इसका असर देखने को मिला। नर्सरी दाखिले में देरी का अंदाजा इस बात से लगाय जा सकता है कि बीते साल नवम्बर में शुरू होने वाली नर्सरी दाखिला प्रक्रिया साल बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाई है। इसको लेकर दिल्ली के पब्लिक स्कूल भी चिंतित है। दिल्ली में दाखिला प्रक्रिया में देरी के चलते कई अभिभावक दिल्ली एनसीआर के नोएडा, वैशाली और इंदिरापुरम के स्कूलों में नर्सरी दाखिले करवा लिए हैं।

दिल्ली के पब्लिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों का कहना है कि शिक्षा निदेशालय को जल्द नर्सरी की गाइडलाइंस जारी करनी चाहिए। इसमें देरी होने से दाखिला प्रक्रिया में देरी होगी। इससे अभिभावकों और स्कूलों को भी दिक्कत होगी। स्कूलों की एक्शन

■ दिल्ली में प्रक्रिया शुरू न होने से कई अभिभावक एनसीआर के स्कूलों का करने लगे हैं रुख

■ स्कूलों ने कहा, शिक्षा निदेशालय को जल्द जारी करनी चाहिए गाइडलाइंस

कमेटी के महामंत्री भरत अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा निदेशालय से हमारी मांग है कि नर्सरी दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का शेड्यूल जल्द से जल्द घोषित करना चाहिए। जिससे अभिभावकों में अनिश्चितता का महौल पैदा न हो। अरोड़ा ने बताया कि दिल्ली में दाखिला प्रक्रिया शुरू न होने से कई अभिभावकों ने नोएडा, इंदिरापुरम और वैशाली के स्कूलों में दाखिला करवा लिया है।

बता दें कि दिल्ली के पब्लिक स्कूलों के सत्र 2020-21 के दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 29 नवम्बर से शुरू हुई थी और 27 दिसम्बर तक चली थी। स्कूलों में भी इस समय ऑनलाइन क्लासेज चलाई जा रही हैं। रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने कहा कि हमने तो यह भी सुना है कि इस बार नर्सरी दाखिला खत्म करने पर विचार हुआ है। यदि ऐसा होता तो यह कहां तक सही होगा कि केवल दिल्ली में नर्सरी के लिए योग्य छात्र पढ़ाई नहीं करेंगे और बाकी जगहों पर करेंगे। ऐसे तो सारे दिल्ली के बच्चे दाखिले के लिए एनसीआर में चले जाएंगे। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने बताया कि इस बार दाखिला प्रक्रिया शुरू होने में काफी देर हो गई है।